खास-खबरें

घर से टहलने का कहकर निकले अधेड़ का रेलवे ट्रैक पर मिला शव



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः रात को टहलने निकले व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी के समीप कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले 50 वर्षीय राजेश पाटीदार सोमवार की रात अपने घर से टहलने का कहकर निकले थे, लेकिन वह रातभर घर नही लौटे और मंगलवार सुबह 2 किमी दूर ग्राम बरवाल रेलवे टैऊक पर उनका शव मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

कराते में गुंजन नागले ने जीता स्वर्ण पदक, सीहोर का बढ़ाया मान



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर की छात्रा कु. गुंजन नागले ने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। 3 नवंबर 2026 को लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, भोपाल में आयोजित आरजीपीवी नोडल लेवल कराते प्रतियोगिता 2026-27 में गुंजन ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच गुंजन ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने गुंजन नागले को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में छात्राओं की भागीदारी उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

जूट उत्पाद निर्माण सीख रहीं 35 बेटियां आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाए कदम

नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः महिलाओं और बेटियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से भैरूंदा में 14 दिवसीय जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण शुरू किया गया है। बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और सिद्धपुर सेवा भारती समिति के संयुक्त प्रयास से आयोजित प्रशिक्षण में 35 महिलाएं एवं युवतियां भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जूट से आकर्षक और उपयोगी उत्पाद बनाने का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण महिला आयाम जिला प्रमुख राधिका जैमिनी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। आरसेटी निदेशक अमित गुप्ता के मार्गदर्शन में विवेक दिलवरिया, धर्मेंद्र सवासिया, नितेश साहू, सतीश प्रजापति और प्रशिक्षिका संगीता राठौर प्रशिक्षण दे रहे हैं। आरसेटी के प्रबंधक तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में शक्ति शर्मा और पूजा बैरागी का भी विशेष योगदान है।

एसआईआर राजनीतिक एजेंडा नहीं, राष्ट्रीय कर्तव्य संदीपनी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता

रायसेन। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्थित संदीपनी स्कूल में विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकिशोर सोनी, स्कूल प्राचार्य एलएन प्रधान और बृज बिहारी मिश्रा उपस्थित रहे। छात्र शिवसागर और छात्रा लता बघेल ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए। राजकिशोर सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी और अधिकार दिए गए हैं। स्कूल प्राचार्य एलएन प्रधान ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण वर्ष 1952 से कई बार हो चुका है।

मकान की रजिस्ट्री के लिए भटक रहे युवक का छलक पड़ा दर्द, एसडीएम के सामने जमीन पर लेटकर रोया



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः मकान की रजिस्ट्री नहीं होने पर लंबे समय से दर-दर की ठोकरें खा रहे युवक ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए हंगामा कर दिया और एसडीएम के सामने जमीन पर लेटकर बिलख-बिलख कर रोने लगा। जानकारी के अनुसार जिले की पोलायकलां तहसील के ग्राम खड़ी का रहने वाला राजेंद्र बागरी अपने मकान की रजिस्ट्री को लेकर लंबे समय से परेशान है। संबंधित कार्यालयों में कई बार चक्कर काटने के बाद भी जब उसकी सुनवाई नहीं हुई, तो मंगलवार को वह अपनी गुहार लेकर जिला मुख्यालय पर पहुंच गया।

ब्रिज निर्माण के दौरान मुख्य पेयजल पाइपलाइन फूटी, सड़क पर बहा पानी

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः मंदिर नगरी उज्जैन में विकास के दावे इन दिनों जनता के लिए किसी सजा से कम साबित नहीं हो रहे हैं। शहर में बन रहे एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण कार्य में लगे पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और ठेकेदारों की घोर लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। मंगलवार की सुबह निर्माण कंपनी के कारनामों के चलते पानी की मुख्य पाइपलाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे भीषण गर्मी और जलसंकट के बीच पीने के पानी को तरसते शहर के बीच लाखों लीटर शुद्ध पेयजल सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया। इस बड़ी लापरवाही के कारण न सिर्फ पानी की भारी किल्लत हुई, बल्कि मुख्य मार्ग पर यातायात भी घंटों ठप रहा, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उज्जैनवासियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। मंगलवार सुबह शहर के एक प्रमुख मार्ग पर एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण कर रही एजेंसी के मजदूरों ने बिना किसी तकनीकी सावधानी के खुदाई का काम शुरू किया। इसी दौरान भारी-भरकम मशीनों की चपेट में आने से पेयजल सप्लाई की मुख्य लाइन अचानक जोरदार धमाके के साथ फट गई। पाइपलाइन के फटते ही कई फीट ऊंचे पानी के फव्वारे छूटने लगे और कुछ ही मिनटों में लाखों लीटर साफ पानी सड़क पर सैलाब की तरह बह निकला। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक तरफ शहर के कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते पीने का इतना कीमती पानी यूं ही बर्बाद हो गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि आसपास की सड़कों पर जलभराव हो गया, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और आम राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जनता का दर्द और नुकसान का गणितः पीने के पानी की यह मुख्य लाइन कई प्रमुख वार्डों में जलापूर्ति करती है, जिसके फटने से हजारों घरों में अचानक पानी की सप्लाई ठप हो गई है। सड़कों पर जलभराव होने से मुख्य मार्ग पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे एंबुलेंस और स्कूल बसें घंटों फंसी रहीं। एक तरफ शहर की जनता तय समय पर प्रोजेक्ट पूरा न होने से पहले ही परेशान है, वहीं दूसरी तरफ जलसंकट के समय हुई इस विशाल पानी की बर्बादी ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया है।



राहगीर परेशान

घंटों तक यातायात बाधित रहा, लेकिन निर्माण कंपनी का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी तुरंत मौके पर सुध लेने नहीं पहुंचा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी एसी कमरों में बैठकर सिर्फ फाइलें चला रहे हैं और मैदानी स्तर पर ठेकेदार अपनी मनमानी चला रहे हैं। बिना किसी समन्वय और प्लानिंग के हो रहे इन कामों के कारण जनता को रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। घटना के बाद से स्थानीय रहवासियों और आम नागरिकों में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और लापरवाह ठेकेदारों के प्रति जबरदस्त आक्रोश है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

जिम्मेदार कौन? कागजी दावे और मैदानी हकीकत

एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण के दौरान बिना किसी अंडरग्राउंड यूटिलिटी मैप या पाइपलाइनों के नक्शे की जांच किए ही भारी मशीनों से धड़ल्ले से खुदाई की जा रही है। घटना के घंटों बीत जाने के बाद भी पीडब्ल्यूडी का कोई भी बड़ा अधिकारी मौके पर स्थिति संभालने नहीं पहुंचा, जिससे तंत्र की संवेदनहीनता साफ दिखाई देती है। स्थानीय पार्षदों और रहवासियों ने पहले भी निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की शिकायत की थी, लेकिन अफसरों ने इसे पूरी तरह अनसुना कर दिया।

विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने किया निरीक्षण



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विभिन्न वार्डों में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 1 में पार्टी क्षेत्र में बन रही नाली, वार्ड क्रमांक 2 की देव नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन सड़क, वार्ड क्रमांक 23 के संजय नगर में बन रही सड़क एवं वार्ड क्रमांक 22 में बन रही रोड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि ऐसे गुणवत्तापूर्ण कार्य करना है, जो लंबे समय तक नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हों। इसी उद्देश्य से निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने स्थानीय नागरिकों से भी चर्चा की और निर्माण कार्यों को लेकर उनके सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं जानीं। नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर अपनी बात रखी और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

लक्ष्मी नगर चौराहे पर नाला निर्माण में गड़बड़ी का आरोप



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः शहर में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सड़क और नाला निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप सामने आया है। शांति भवन चौराहे से उद्यान मार्ग तक चल रहे निर्माण के दौरान लक्ष्मी नगर चौराहे और शनि मंदिर के पास नाले की दिशा और एलाइनमेंट बदलने का आरोप लगाया गया है। हेमंत कुमार दिल्लीवाल ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

दिल्लीवाल के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर से नाले का निर्माण निर्धारित दिशा और एलाइनमेंट में किया जा रहा था। लेकिन काम शनि मंदिर के पास, लक्ष्मी चौक चौराहे से आगे पहुंचने पर ठेकेदार ने नाले की लाइन अचानक तीन से चार फीट पीछे खिसका दी। उनका आरोप है कि तय योजना के अनुसार नाले और लाइन को शनि मंदिर तथा गणेश मंदिर को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट करते हुए सीधी दिशा में लाया जाना था।

दिल्लीवाल ने कहा कि निर्धारित योजना के अनुरूप निर्माण करने के बजाय नाले को घुमाकर पीछे से निकाला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बदलाव किसी व्यक्ति या संस्था को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया हो सकता है। उनके अनुसार, निर्माण कार्य में योजना से हटकर बदलाव गंभीर अनियमितता है और इसकी जांच होना आवश्यक है।

लाड़कुई में जुए के फड़ पर पुलिस की दबिश, सात आरोपी गिरफ्तार

भैरूंदा। सीहोर जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लाड़कुई थाना पुलिस ने जुए के फड़ पर दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 71 हजार रुपये नकद, सात मोबाइल फोन, छह मोटरसाइकिल और ताश के 52 पत्ते जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी रौशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि लाड़कुई में शैलेन्द्र ठाकुर के खेत पर बनी टपरिया में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां कुछ लोग बिजली की रोशनी में ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रहे थे।

सुभाष निकेतन में साकार हुआ त्रेतायुग की अयोध्या का दृश्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या आगमन की प्रतीक्षा, उल्लास और दीपोत्सव की परंपरा को सुभाष निकेतन विद्यालय पिछले 15 वर्षों से जीवंत बनाए हुए है। मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित दीपावली उत्सव में त्रेतायुग की अयोध्या का दृश्य साकार हुआ। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों, दीपमालाओं और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण राममय हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धेश्वरी मंदिर, रेस्ट हाउस से निकली भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा और भगवा साफे धारण किए विद्यार्थी अनुशासित कतारों में शामिल हुए। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमानजी और रामायण के विभिन्न पात्रों के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों ने आकर्षण बढ़ाया। हाथों में भगवा ध्वज लिए विद्यार्थियों के जय श्रीराम उद्घोष से नगर की मुख्य सड़कें भक्तिमय हो उठीं। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।



शोभायात्रा विद्यालय परिसर पहुंची तो दीपमालाओं से सजे परिसर और फूलों से सुसज्जित राजसिंहासन ने अयोध्या जैसा वातावरण बना दिया। रामायण के प्रसंगों की प्रस्तुतियों में भरतजी द्वारा भगवान श्रीराम को चरण पादुकाएं सौंपने का दृश्य विशेष आकर्षण रहा। इसके बाद श्रीराम-जानकी राजसिंहासन पर विराजे। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने गुरु वशिष्ठ की भूमिका निभाते हुए भगवान श्रीराम को राजमुकुट धारण कराया, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने माता सीता को मुकुट पहनाया।

भरत मिलाप के भावुक प्रसंग ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने भरतजी के त्याग, भ्रातृप्रेम और समर्पण के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय संचालक एवं वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश श्रीवास्तव सहित विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से आयोजन भव्य बना। सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी एवं माय स्कूल परिवार की यह परंपरा भारतीय संस्कृति, रामभक्ति और संस्कारों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा रही है।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस मंगलवार को पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा ने की। मुख्य अतिथि पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव डॉ. सुदामा पी. खाड़े तथा विशिष्ट अतिथि संस्थापक कुलगुरु डॉ. गोविंद प्रसाद मिश्रा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सामूहिक राष्ट्रगीत एवं विश्वविद्यालय गीत के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ आत्ममंथन का अवसर भी है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य पशुपालकों और किसानों के हित में कार्य करना तथा शोध एवं अनुसंधान के माध्यम से पशु चिकित्सा क्षेत्र को मजबूत बनाना है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया।



मुख्य अतिथि डॉ. खाड़े ने कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख का 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' का विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को परस्पर जुड़ा बताते हुए 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को मेरिट छात्रवृत्ति के चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की छह पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। आरवीसी मेरठ में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. राखी वैश ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. पूनम शाक्य ने किया तथा आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता डॉ. एसएस तोमर ने किया। अंत में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

फुटबॉल प्रतियोगिता में सीहोर बॉयज ने सीहोर क्लब को हराया

सीहोर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तृतीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन सीहोर क्लब और सीहोर बॉयज के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में दोनों ही टीमों ने मध्यांतर तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबले के 70 वें मिनट में सीहोर बॉयज की ओर से आदि ने लेफ्ट फुट से फ्री किक पर शानदार गोल दागकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसे प्रतियोगिता का अब तक का सर्वश्रेष्ठ गोल माना गया। इसके बाद आदि ने 80वें मिनट में हेडर के जरिए दूसरा गोल किया। वहीं 86वें मिनट में कॉर्नर किक पर हेडर लगाकर तीसरा गोल दागते हुए प्रतियोगिता की पहली हैट्रिक अपने नाम की। आज के मुकाबले में सीहोर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन चौरसिया ने मध्यांतर के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

जनसुनवाई में कई समस्याओं का मौके पर किया निराकरण



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः आमजन को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से गौहरगंज एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें अनुभाग स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

ग्राम डोब निवासी साबिर अली ने गरीबी रेखा की सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया था। पात्रता के परीक्षण के बाद उनके प्रकरण में तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही आदेश जारी किया गया। इसी तरह गौरव श्रीवास्तव के आवेदन पर उनके पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र तैयार कराकर उन्हें सौंपा गया। गौहरगंज निवासी राजेश गौर की समग्र ई-केवायसी से संबंधित समस्या का भी मौके पर समाधान किया गया। अधिकारियों ने अन्य आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निश्चित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्पेशल खबर अतिक्रमण की वापसी, बंद स्ट्रीट लाइट और मंडी चौराहे पर जाम; बस स्टैंड व यात्री प्रतीक्षालय भी नहीं

करोड़ों की सड़क के बाद भी बदहाल लाड़कुई, बुनियादी सुविधाओं का अभाव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः सीहोर जिले के प्रमुख गांवों में शामिल लाड़कुई में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। कोसमी-भैरूंदा मार्ग के लाड़कुई हिस्से में करीब 6.20 करोड़ रुपये की लागत से एक किलोमीटर सड़क का उन्नयन और पुनर्निर्माण कराया गया। सड़क चौड़ीकरण के साथ नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य भी हुए, लेकिन मौजूदा स्थिति निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव पर सवाल खड़े कर रही है।

अतिक्रमण हटाया, फिर सड़क तक पहुंचे कब्जेः सड़क चौड़ीकरण के दौरान अतिक्रमण हटाए गए थे, लेकिन अब कई जगह दुकानदारों ने चबूतरे, छज्जे और दुकान का सामान सड़क तक बढ़ा दिया है। नालियों पर भी कब्जे किए जाने के आरोप हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में समानता नहीं बरती गई। उन्होंने निर्माण कार्य और अतिक्रमण कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बंद स्ट्रीट लाइट और पुलिया से दुर्घटना का खतराः हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से बंद हैं। चालू लाइटों का प्रकाश भी कमजोर बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्य नाले की पुरानी पुलिया की स्थिति पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि नई पुलिया बनाने के बजाय पुरानी पुलिया के ऊपर ही निर्माण किया गया, जबकि उसमें सरिये बाहर निकले हुए हैं। संकरा रास्ता, सब्जी के ठेले और मोड़ पर कम दृश्यता दुर्घटना का खतरा बढ़ाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले वर्ष मंडी गेट चौराहे पर हुए हादसे में एक बच्चे की मौत भी हुई थी।

मंडी चौराहे पर जाम से परेशानीः डंपर मंडी और कृषि उपज मंडी में गतिविधियां बढ़ने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। मंडी चौराहे पर सब्जी के ठेले, सड़क किनारे खड़े वाहन और दुकानों का सामान यातायात में बाधा बनते हैं। पुलिस चौकी के पास शाम को खाद्य पदार्थों के ठेले लगने से रास्ता और संकरा हो जाता है। ग्रामीणों ने पर्याप्त दिशा-सूचक बोर्ड और यातायात संकेतक लगाने की मांग की है।

यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं नहीं: लाड़कुई में व्यवस्थित बस स्टैंड और यात्रियों के बैठने के लिए प्रतीक्षालय नहीं है। सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स की सुविधा भी पर्याप्त नहीं बताई जा रही है। बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए निःशुल्क पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। लोगों को निजी होटलों और दुकानों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक प्याऊ और वाटर कूलर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच, अतिक्रमण पर समान कार्रवाई, नालियों से कब्जे हटाने, स्ट्रीट लाइट चालू कराने और पुलिया की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। साथ ही मंडी चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुधारने, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की है।